शिक्षा क्षेत्र की प्रतिनिधि पत्रिका
राष्ट्रीय छात्रशक्ति

राष्ट्रीय छात्रशक्ति

वर्ष 4 ■ अंक 01 ■ नवम्बर 2020 ■ ₹ 10 ■ पृष्ठ 36

34 साल बाद देश को मिली राष्ट्रीय शिक्षा नीति



परिषद गतिविधियां

शिष्टाचार भेंट के दौरान खेल मंत्री किरेन रिजिजू (मध्य में) के साथ (बाएं से) अभाविप दिल्ली प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव पर्वतारोही शोभित शर्मा, सौरभ किट्टू टांक एवं मेघा परमार

कानपुर : स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान यमुना नदी में फैले गंदगी का सफाई करते विकासार्थ विद्यार्थी कार्यकर्ता



राष्ट्रीय
छात्रशक्ति
शिक्षा–क्षेत्र की प्रतिनिधि–पत्रिका

वर्ष 4, अंक 01
नवम्बर, 2020

संपादक
आशुतोष भटनागर
संपादक–मण्डल :
संजीव कुमार सिन्हा
अवनीश सिंह
अभिषेक रंजन
अजीत कुमार सिंह

संपादकीय पत्राचार :
राष्ट्रीय छात्रशक्ति
26, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,
नयी दिल्ली - 110002.
फोन : 011-23216298
www.chhatrashakti.in
rashtriyachhatrashakti@gmail.com
www.facebook.com/Rchhatrashakti
www.twitter.com/Rchhatrashakti

स्वामी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **राजकुमार शर्मा** द्वारा 26, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, आई.टी.ओ. के निकट, नयी दिल्ली - 110002 से प्रकाशित एवं ओशियन ट्रेडिंग कं., 132 एफ. आई. ई., पटपड़गंज इण्डस्ट्रियल एरिया, नयी दिल्ली-110092 से मुद्रीत।

इस अंक में

05 DECODING NATIONAL EDUCATION POLICY 2020

Education is the single greatest tool for transforming an individual and society with...

संपादकीय	04
नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा में आएंगे बुनियादी बदलाव	11
UNDERSTANDING THE NATIONAL EDUCATION POLICY (NEP)	15
अभाविप की ऑनलाइन केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक इंदौर में संपन्न	17
STRICT ACTION AGAINST THE PROPRIETORS OF FAKE UNIVERSITIES REQUIRED : ABVP	19
अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को सौंपा ज्ञापन, कृषि शोध से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग	20
अभाविप की अनूठी पहल 'परिषद की पाठशाला'	21
NEW EDUCATION POLICY: A VISION FOR HOLISTIC DEVELOPMENT THROUGH VOCATIONAL AND HIGHER EDUCATION	23
पटना : शैक्षिक,सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन के संकल्प साथ संपन्न हुआ विश्वविद्यालय छात्र नेता सम्मेलन	26
नशाखोरी परिसर संस्कृति को भंग करने वाली, देश भर में हो नशे पर व्यापक बहस : अभाविप	27
अभाविप के नेतृत्व में खेल मंत्री से मिला पर्वतारोहियों का प्रतिनिधिमंडल	28
RECENT FARM BILLS 2020 – ENSURING SUSTAINABILITY AND PROFITABILITY OF FARMING COMMUNITY	29
हैदराबाद : अभाविप की तेलंगाना सरकार से मांग, आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) के लिए दस प्रतिशत आरक्षण कोटा लागू करे	31
INDIA'S DIPLOMATIC AND STRATEGIC TOOLS: POLITICAL WEAPONS IN THE INDIA–CHINA STANDOFF	32

वैधानिक सूचना : राष्ट्रीय छात्रशक्ति में प्रकाशित लेख एवं विचार तथा रचनाओं में व्यक्त दृष्टिकोण संबंधित लेखकों के हैं। संपादक, प्रकाशक एवं मुद्रक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

संपादकीय

वर्ष 2020 की शुरुआत ही आशंका के साथ हुई। विश्व के अनेक देश कोरोना के साये में आ चुके थे और भारत पर भी उसका खतरा मंडरा रहा था। केन्द्र सरकार ने सुरक्षात्मक पहल करते हुए लॉकडाउन किया तो उम्मीद थी कि तीन सप्ताह बाद यह खतरा काफी कम हो चुका होगा। किन्तु ऐसा नहीं हुआ। रोग बढ़ता गया ज्यों–ज्यों दवा की।

सही समय पर सही निर्णय लेकर भारत ने लाखों जीवन बचा लिये। यदि लॉकडाउन की श्रंखला न लागू की गयी होती तो शायद स्थिति इससे बहुत अधिक भयावह होती। कुछ महीनों के लिये देश में सब कुछ ठहर सा गया। साथ ही ठहर गयी आपकी प्रिय पत्रिका 'छात्रशक्ति' भी। छापाखाने भी बंद थे और डाक व्यवस्था भी। न प्रकाशन संभव था और न ही वितरण। ऐसे में कुछ समय के लिये 'छात्रशक्ति' का प्रकाशन रोकना अनिवार्य हो गया था।

पत्रिका रूप में 'छात्रशक्ति' के अभाव को ऑनलाइन सामग्री द्वारा पूरा करने के किंचित प्रयास किये गये। 'छात्रशक्ति' की वेबसाइट पर अद्यतन समाचार और आलेख देकर जिज्ञासा समाधान के प्रयास भी हुए किन्तु अभ्यस्त आंखें इसे पत्रिका के कलेवर में देखना चाहती हैं, यह भी निश्चित ही है।

वैश्विक महामारी के इस दौर में भी दुनिया के अनेक देशों में आतंक का कहर बरसा। फ्रांस और ऑस्ट्रिया इसके उदाहरण हैं। कोरोना की दूसरी लहर और एक बार फिर लॉकडाउन के शिकंजे में फंसी दुनिया को चौपट होती अर्थव्यवस्था के बीच हिंसक प्रवृत्तियों सं खुद को बचाने की दोहरी जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है।

भारत में पहले से जारी शाहीन बाग और उसके बाद देश की विभाजनकारी शक्तियों ने साम्प्रदायिक और जातिगत विद्वेष की खाई को और चौड़ा करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। आज भी यह जारी है। विडम्बना है कि दलगत लाभ के लिये राजनैतिक दलों ने भी इन शक्तियों के साथ गठजोड़ कर लिया है जो देश में सदभाव के लिये बड़ी चुनौती है।

यह संतोष का विषय है कि कोविड 19 पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण और देश के नागरिकों द्वारा कठिनाइयों के बावजूद इस संकट की घड़ी में नेतृत्व के प्रति व्यक्त किये गये विश्वास ने भारत को इससे उबरने और आगे बढ़ने का हौंसला दिया है। हमेशा की तरह, विपरीत परिस्थिति को मात देकर भारत एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है। विकास की यात्रा पर बढ़ चला है। सभी क्षेत्रों में गतिविधियां शुरू हो गयी हैं।

परिषद भी सदैव की भांति चुनौती के इस संकट के समय में अपने सेवाकार्य द्वारा तथा बस्तियों में स्कूली बच्चों की शिक्षा द्वारा अपनी भूमिका निर्वाह करती रही। अगले चरण के रूप में, पुरानी भूमिका को फिर से प्रारंभ करने के निश्चय के प्रतिफल के रूप में छात्रशक्ति का यह अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है।

दीपावली की हार्दिक शुभकामना सहित,

आपका
संपादक

DECODING NATIONAL EDUCATION POLICY 2020

| Milind Marathe |

Education is the single greatest tool for transforming an individual and society with achieving social justice and equality. Education offers equal opportunity to every citizen to dream, thrive and contribute to the nation. Acquiring knowledge, wisdom and continuous search for ultimate "Truth" is the objective of education. It leads to self-realization and liberation.

"sa vidya ya vimuktaye" means Knowledge that only liberates. Body should be liberated from laziness, idleness, mind should be liberated from fluctuations, instability and Intellect should be liberated from inertia and slavery of mind. That is the objective of education and education policy should lead towards this goal.

What great people said about Education ?

Swami Vivekanand :- " Education is not the amount of information that we put in to your brain and runs riot there, undigested , all your life but we must have life-building, man-making, character–building education. It should unite Head, Heart and Hand through Education."

Yogi Arabindo:- "Today's crisis is the crisis of Character & until we effect fundamental chages in the objectives of education, subjects, it's system, Bharat can not be re-constructed."

Mahatma Gandhi from "NayeeTalim" depicts 5 principles of education

1. All round Development:- "Main aim of education should be to draw the best out of a person's mind, body and

soul. This is to say that he must not only develop at the mental level but also at physical, spiritual, aesthetic and intellectual level. The aim should not just be to provide literacy but to develop the students in every aspect."

2. Mother Tongue as the Medium of Instructions.

3. Social Awareness and Service:- Socially awareness, love for motherland & to live in coordination with their fellow citizens and help must be taught from the very beginning.

4. Education of the Heart:-Purity of Heart Indispensable. Purity of personal life is the one indispensable condition for building a sound education.I do not believe that this can be imparted through books. It can only be done through the living touch of the teacher.

5. Craft Centred Education: - Handicraft is the means to develop the mind as well as soul. Thus, schools must not focus on theoretical knowledge. They must instead introduce craft from the pre-primary classes. This would help in invoking creativity, innovation and also enhance the mind-hand coordination.

ABVP is of the opinion that National Education Policy 2020 has expressed great resolve to bring the ideas of these Great personalities in to reality.

Background of NEP 2020 :

After 1986 New Education Policy, 34 years have passed. Student's number aspiring for education has increased leaps and bound. Desire to get educated is increased and now it's very high across the cast,religions ,rich and poor, urban and rural population.

Technology has changed and Industry 4.0 revolution is knocking the doors. Employment avenues, businesses and business models are changing fast. Mobile phone, Computer and Internet penetration is ever increasing.So every student will need 21st century Qualities like deep knowledge in 1 or 2 core subjects , good knowledge of multi-disciplinary subjects like arts, languages, social science, economics, high Computer Literacy, fast capability to learn new things, adapt, assimilate and deliver solutions in new environment, structured thinking, excellent communication and inter-personal working capabilities, creativity, innovations, intellectual curiosity , Bharatiya value systems, ethical compass, character and service attitude. This policy has taken note of these challenges and drafted.

"NEP 2020 envisions an India centric education system there by transforming India sustainably in to an equitable and vibrant knowledge society by providing high quality education to all."

ABVP welcomes the policy whole heartedly and decodes its important, brilliant features.

1. ECCE AND SCHOOL EDUCATION STRUCTURE:-

Revolutionary re-structuring of school curriculum is made in from present 10 + 2 school structure to 5+3+3+4 design and it is named as "Early Childhood Care and Education (ECCE).

Neuroscience shows that 85% of Child's Cumulative Brain Development occurs from 0 to 6 years and thus learning process for a child starts immediately after birth. Various levels of neglect and deprivation in early childhood is the root cause of deficiencies in development of critical areas of brain.So excellent care, nutrition, physical and emotional hand-holding, nurture is a must for all children. In Bharat almost all urban poor, rural children don't get this support. NEP 2020 included education of this age group, 4 to 6 years for the first time formally under Ministry of Education and ensured that no child will lag due to neglect and deprivation. It is a very welcoming step.

Foundational stage from age 3 to 8 comprises of pre-primary school of 3 years and grade 1 and 2 . It will have flexible, play-based, activity based, discovery based learning.Preparatory stage from age 8 to 11 is of 3 years and grade 3rd, 4th and 5th will comprise of reading, writing, speaking, language, art, science, mathematics, sports and physical education. Every student in grade 5 and beyond will achieve foundational literacy and numeracy. It is considered as an urgent National Mission. Middle stage from age 11 to 14 is of 3 years and grades 6th,7th and 8th will comprise of more formal style of learning with social science, humanities, deeper and experiential learning of subjects. High stage is of age 14 to 18 of 4 years and grades 9th , 10th, 11th and 12th . It will be now multi-disciplinary study, vocational subjects, skill- based courses with great depth, greater critical thinking, more flexibility with student's choice.

All stages mentioned above will heavily incorporate local traditions, ethical reasoning and digital literacy, creative, collaborative and exploratory activities. This will move the school education system towards learning how to learn, increased flexibility in choice of subjects.

NEP 2020 has suggested that there will be no hard separation in terms of curricular, extra-curricular and co-curricular. No hard separation of Vocational or skill based streams and academic streams. So everything is equally important and equally curricular. So no stream, subject will be looked down and inferior to any other one. In line with the schooling age, RTE is extended up to 18 years in NEP 2020.

U-DISE data of 2016-17 shows 28 % of public primary and 14.8 % of upper primary schools have less than 30 students and even less.119303 single-teacher schools are working. This shows that we have not yet touched to quality aspect of schools.Due to small size of school it's very difficult or next to impossible to allocate good human resources like expert teachers, counsellors, music teacher, computer lab instructor and physical resources like laboratory equipment, library books, facilities for sports, music and arts activities. Governance and management become difficult with small size and vibrancy is lost.It starts functioning sub-optimally. Thus NEP 2020 has come up with very good and workable idea of School Complex.Nearby schools will be organized in to School Complexes and will be treated as a basic entity for governance under the signed MoU.It will enable to share key physical resources as well as human resources mentioned above. This complex can integrate ECCE, vocational education, needs of special children also. It's a complete revamping of school education and ABVP welcomes it.

2. EDUCATION IN THE LOCAL LANGUAGE OR MOTHERTONGUE

Language is not only the medium of instruction but it is theexpression of an Individual, of a society and its collective continuity in culture. It is also proved that clarity of fundamentals, abstract thinking, innovation comes if a child is taught in mother toung. So NEP 2020 strongly suggests that the medium of instruction preferably till grade 8th or at least till grade 5th will be the home language/mother tongue/local language. Continuation of present three language formula in its spirit to make students capable in communicating in multiple languages with required flexibility.

3. SPECIAL CARE FOR INCLUSION OF THE LESS FORTUNATE PEOPLE:-

Even after 73 years of independence education is not reached to all children of

Bharat. There are many Socio Economic Disadvantaged Groups (SEDGs) which are still out of education and special care and inclusion of them is a pre-requisite of developed Bharat. SEDGs in education are categorized by NEP 2020 in to those having given gender identities like women and transgender individuals.Socio-cultural identities like SC, ST, OBCs, Muslims, migrant communities.Special needs like learning difficulties & Differently abled students.Socio-economic identities like urban poor, rural needy and migrant labours.

NEP 2020 is very sensitive towards this issue and has come up with various measures to attain full equity and inclusion. Various solutions should be identified sensibly on case to case basis. Gender inclusion fund, targeted scholarships and other financial support, monetary incentives to parents, bicycle provision for girls, declaring large population regions of certain SEDGs as Special Education Zones are some of the measures suggested by NEP 2020.

Availability and capacity development of teachers, reducing pupil- teacher ratio to 25:1 and very importantly to change the culture of schools to make them free from discrimination, harassment, intimidation and make them sensitize about the needs of SEDGs is the resolve of NEP 2020.

4. RESTRUCTURING AND CONSOLIDATION OF HIGHER EDUCATION INSTITUTIONS (HEI):-

India has over 800 Universities and40000 + colleges.Over 40% of all these colleges run Only Single Programme. Over 20 % of colleges have enrolment below 100, while only 4 % of colleges have enrolment over3000 (AISHE Report 2016-17). This fragmentation leads to sub-optimal performance with small size.Rigid boundaries of disciplines and fields, lack of research at most of the Universities and colleges leading to lack of research culture in HEIs ,lack of teachers and Institutional Autonomy and lack of employability are the challenges faced by Higher Education in India. After independence Indian HE system was predominantly affiliating type of system. But in last 70 years we could not get desired results. So let us say good bye to affiliating system and make all our HEIs either Research or Teaching Universities or degree granting autonomous colleges.

So NEP 2020 has suggested brilliant idea of establishing large multi-disciplinary universities and colleges with teaching programs across the disciplines and fields. End of fragmentation of HE and wide flexibility to students to choose subjects across the disciplines will be the unique feature of HE. All present universities and colleges will have to decide,whether they will become Research Intensive Universities, Teaching Intensive Universities and Autonomous Colleges depending on their strengths, willingness and capabilities. They will have autonomy and freedom to move from one type to another type.

Multiple exit option is also very useful for students. It will acknowledge each year's effort and will award certificate after completion of 1 year, Diploma after 2 years, Degree after 3 years and Holistic Degree after 4 years.

Academic Bank of Credits is also a commendable idea floated by NEP2020, which will enable students to acquire credits from different institutes at different years and get degree once required credits are earned.

15 to 20 % credits can be earned through MOOCs in ICT mode.

5. SHIFTING TOWARDS EDUCATION OF HEAD, HEART AND

HAND OR HOLISTIC EDUCATION:-

Holistic education is the need of an hour. In modern terminology its education of Cognitive domain, Affirmative domain and Psychomotor domain. Balance of these three domains must be re-established.

This critical ancient Bharatiya concept ofbalanced educationor Holistic Education is brought back by NEP 2020. It is integration of STEM(Science, Technology,Engineering, Mathematics) with humanities and arts.Medicine and physics, aeronautical engineering and Sanskrit.Holistic education is innovation and critical thinking, higher order thinking,inter-personalrelations,working in a team, communication of all types, problem solving approach, foundation of social work, understanding feelings of self and others, internships and research opportunities, developingconstitutional values, ethical values, understandingidea of Bharat, training of concentration of mind and detachment of mind, learning by doing and many more. It is interwoven in under graduate course by making a 4 year bachelor program of holistic education. There will be multiple exit option in 4 years Graduation course for students. The whole idea is students willnot be only prepared for the LESSONS but for LIFE.

6. DEVELOPING RESEARCH CULTURE AND MIND-SET THROUGH NRF:-

NEP 2020 is committed to develop vibrant knowledge society. Innovation, new ideas, creation of new knowledge, new products, new systems, new processes depending on requirements of Bharat, filing patents will lead to creation of wealth. That will make "Aatm-nirbhar Bharat". But for that serious research culture and mind-set should be developed in education. Establishment of National Research Foundation (NRF) is another revolutionary, most needed feature of NEP 2020.

NRF will stimulate and expand research in India. It will seed, cultivate and grow research culture right from schools to HEIs. It will monitor, mentor the HEIs by eminent research scholars across the countryand link Universities and National Research Laboratories (NRL).

NRF will fund competitive, peer-reviewed grant proposals of all types and of all disciplines. It will act as an umbrella organization between researchers, HEIs, funding departments of government, Industries, NRL and policy makers and synchronize the efforts for research.

7. NO TO COMMERCIALISATION OF EDUCATION:-

In last few years cost of education per student per year is escalating and is going out of the reach of common students. Commercialization of education is very much seen and ABVP is fighting against commercialisation. NEP 2020 clearly proclaims that Education is a not-for-profit activity. It is a charitable activity and commercialization of education is not at all acceptable.Actually affordable and quality education is the need of an hour.

Public expenditure on education in India was 2.7 % of GDP in 2017-18 which was around 10 % of total government (centre and state) spending.NEP 2020 categorically said that there is need of significant increase in public investment from current 10 % of overall investment to 20 % in a next few years. It recommends 6 % of GDP should be invested for education.

8. NEW GOVERNANCE STRUCTURE:-

Higher Education will be governed by 4 pillars namely Regulatory Council for

general administration and regulation, National Accreditation and Assessment Council for quality checks of all Institutes, Standard Setting Council for prescribing bench marks for quality and National Grants Council for funding. It is separate but synchronised system to carry out various tasks effectively.

9. Teachers are on the fore front:-

Spirit of NEP 2020 is Teachers. Teachers are on the forefront of this policy. All revolutionary measures will be implemented in letter and spirit only with the dedicated participation of teachers. Teachers will impart knowledge, skills and right attitude in students. They will only imbibe moral values, life skills in the students. So we need passionate, motivated, highly qualified, professionally trained, well equipped teachers with mother like heart for their students at all levels of education.

NEP 2020 proposed teacher education of 4 year integrated B.Ed. program after 12th standard, 2 years after graduation and 1 year after post- graduation with subject knowledge, pedagogy and educational technology expertise, students psychology. Special merit scholarship coupled with guaranteed employment in rural areas for brilliant students as a teacher. NEP 2020 has given clear direction to fill all the vacant posts of teachers with rigorous, impartial, transparent process. All Para-teacher system across the country will be stopped by 2022 and closure of substandard teacher education institutes will be done on top priority.

Continuous in service training, creating inclusive, effective and protective academic atmosphere and excellent work culture for teachers is given top priority in NEP 2020.

NEP 2020 is an India centric, Indian education system with indigenous wisdom and roots alongwith primacy of Indian languages.It is students' friendly, integrated, inclusive, comprehensive,and holisticand forward looking. It has a capacity to completely revamp the colonial education system and mind-set.

ABVP is of the opinion that now steps to implement NEP2020 has to be taken fast. Time is slipping and nothing concrete has been done particularly in Higher Education for implementation. UGC has formed some committees for implementation but ABVP feels that UGC is already over-burdened and perhaps cannot implement it in its full totality. So ABVP demands to Central Government to form National Task Force (NTF), supported by members of re-drafting committee, at the apex with full mandate to guide, act and monitor the implementation. Members of NTF should be of very high calibre and integrity, eminent and visionary personalities from different walks of life.

Central Universities, some State Universities, Institutes of eminence, well-meaned private institutes and industries should start working on implementation of various ideas of NEP 2020.

Re-orientation of lower cadres in education, selected teachers, managements of schools and colleges, NGOs in education sector and officials of Universities is needed. Webinars on how to implement NEP 2020 for small, specific and focused areas should be arranged and road map must be prepared.

ABVP appeal to all the members of education fraternity, including government, to come forward and take maximum efforts for successful implementation of this game changer NEP 2020. ■

नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा में आएंगे बुनियादी बदलाव

| अभिषेक रंजन |

नई शिक्षा नीति के बारे में आप क्या कहेंगे? ये सवाल सुनते ही देश के पिछड़े इलाके में चल रहे लगभग 5 हजार कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में से एक के शिक्षक ख़ुशी से बोल उठे, अब गरीब की बेटियों को अधिक पढ़ने का मौका मिलेगा। दरअसल उनकी ख़ुशी इस बात से जुड़ी थी कि नई शिक्षा नीति की वजह से अब कस्तूरबा में केवल कक्षा 6 से 8 तक नही, बल्कि 12वीं तक की पढ़ाई होगी। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समाज के वंचित तबके,दिव्यांग,ड्राप आउट हो चुकी बेटियों के लिए है। नई नीति इनके लिए एक वरदान बनकर आई है। अब देश में चल रहे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय 8वीं तक नहीं, 12 वीं तक की शिक्षा मुहैया कराएगी। ये कदम दूरदराज के पिछड़े इलाके के लाखों बेटियों को बड़े स्वप्न देखने को प्रेरित करेगी।

इस तरह की कई पहल 34 वर्ष बाद देश को मिली है, नई शिक्षा नीति में देखने को मिली है, जहां स्कूली शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को समझा गया है। कई राज्यों के स्कूलों के साथ काम करने के अनुभव से यह कह सकता हूं कि नई शिक्षा नीति कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया है, जिससे शिक्षा क्षेत्र में बुनियादी बदलाव आएंगे!

सीखने के स्तर बेहतर करने का राष्ट्रीय संकल्प

नवंबर 2017 में देशभर के लगभग 15 लाख विद्यार्थियों के ऊपर हुए नेशनल अचीवमेंट सर्वे हो अथवा स्वयंसेवी संस्थाओं की रपट,सब यही बताती है कि देश के बच्चों में भाषा और गणित की दक्षता कक्षानुसार नहीं है, भारत में लर्निंग क्राइसिस अर्थात सीखने का संकट है और इस पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान में स्कूली शिक्षा व्यवस्था से जुड़े तक़रीबन 5 करोड़ बच्चें ऐसे हैं, जिन्होंने बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान भी नही सीखा है।

नईशिक्षा नीति ने इस चुनौती को स्वीकार किया है। इसके समाधान के रास्ते सुझाए है। महत्वपूर्ण उपायों में 2025 तक प्राथमिक विद्यालयों में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या-ज्ञान प्राप्त करना शिक्षा प्रणाली की सर्वोच्च प्राथमिकता होग। शिक्षा मंत्रालय आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित करेगी, जो राज्य व केन्द्रशासित प्रदेशों से समन्वय बनाकर क्रियान्वयन योजना बनाएगी, उसे लागू करेगी। यह कदम देश में सीखने के स्तर को बेहतर करने की दिशा में प्रभावी होगा, साथ ही सीखने के स्तर को ठीक करने के राष्ट्रीय संकल्प की तरह सबको अपनी जिम्मेवारी निभाने का भान कराएगा।

शिक्षकों की नहीं होगी कमी

नई शिक्षा नीति में 4 वर्षीय एकीकृत बीएड डिग्री की व्यवस्था होने से केवल शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक युवाओं के आने का रास्ता खुलेगा, वहीं स्नातक के बाद विद्यार्थियों का समय भी बचेगा। अभी तक कई बार शिक्षक होने का विकल्प सबसे आखिरी करियर आप्शन के रुप में देखा जाता है। इस कदम के साथ साथ शिक्षकों के क्षमता संवर्द्धन पर भी अधिक जोर दिया गया है ताकि वे अपनी प्रतिभा का समुचित उपयोग नौनिहालों के लिए कर सकें।

सबसे खास बात है शिक्षकों के खाली पदों को भरने के स्पष्ट लक्ष्य। देश के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों के 2 लाख से भी अधिक पद अभी खाली है। बात प्राइमरी स्कूलों की करें तो वहां पर खाली पदों की संख्या 9 लाख से भी अधिक है। शिक्षकों के खाली पद सबसे अधिक वहां है, जो देश के पिछड़े इलाके है। खासकरजहां वंचित तबके के लोग रहते है। नई नीति ने प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से शिक्षकों के खाली पद भरने पर जोर दिया है।

यही नहीं छात्र-शिक्षक अनुपात को भी बेहतर करने के प्रयास होंगे। अभी 30 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक का प्रावधान है। देश के 112 आकांक्षी जिलों में छात्र-शिक्षक का अनुपात सही नहीं है। इन पिछड़े इलाकों में शिक्षक नियुक्ति की कोशिशें भी विफ़ल रहती है। नई नीति 25 बच्चों पर एक शिक्षक रखने की बात उन इलाकें के लिए करती है, जहां शैक्षणिक दृष्टि से अधिक चुनौतियां हैं। शिक्षक नियुक्ति एवं पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता सीखने के संकट से उबरने में काफी मददगार साबित होगी.

बाल्यकालकी शिक्षा पर अधिक जोर

सितंबर 2019 तक के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक तो देश में 1380796 आंगनवाड़ी केंद्र थे। इन केन्द्रों में 6 माह से लेकर 6 वर्ष की आयु वर्ग

के तक़रीबन 7 करोड़ बच्चें नामांकित थे। अफ़सोस इन करोड़ों बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र अब तक उचित पोषण सामग्री देने और खेलने-कूदने की जगह ही थी। शिक्षा संबंधी कार्य पर उतना ध्यान नही था। नई शिक्षा नीति ने शिक्षा प्रणाली में बाल्यावस्था की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। अब वे शिक्षा केंद्र के रूप में भी तब्दील होंगे। इसके लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं।

पहली प्रमुख बात है आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण! आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश में 13,29,138 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 11,85,291 आंगनबाड़ी सेविका कार्यरत है।नई शिक्षा नीति ने 12वीं अथवा उससे अधिक पढ़ी लिखी कार्यकर्ताओं के लिए 6 महीने के विशेष सर्टिफिकेट कार्यक्रम, वहीं बाकी बचे लोगों के लिए एक वर्ष के डिप्लोमा कार्यक्रम का प्रावधान किया है। इस तरीके से आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत कर्मी जब दक्ष होंगे तो वे बालमन को सीखने-समझने में मदद करेंगे।

दूसरी प्रमुख बात ये है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं

के दक्षता संवर्द्धन के साथ साथ नई शिक्षा नीति 0 से 3 वर्ष तथा 3 से 8 वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए अलग - अलग पाठ्यक्रम विकसित करने की बात कही है। इसके लिए वजाप्ता प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा के लिए एक उत्कृष्ट पाठ्यक्रम और शैक्षिणिक ढ़ांचा (NCPFECCE)बनाई जायेगी जिसमें भारतीय परंपरा के साथ साथ वैश्विक नवाचारों को भी शामिल किया जाएगा। इससे माता-पिता के साथ - साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी बच्चों के शैक्षिक मार्गदर्शन करने में मदद मिलेगी।

तीसरी प्रमुख बात है कि बाल्यावस्था के शिक्षण हेतु विशेषज्ञ शिक्षक का संवर्ग तैयार होगा, जो नौनिहालों का भविष्य संवारेंगे। साथ ही यह प्रावधान किया गया है कि कक्षा पहली में जाने से पहले बच्चें बालवाटिका में जाएंगे, जहां उनके लिए विशेष शिक्षक होंगे। शिक्षा नीति में ये प्रावधान छोटे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक बेहद क्रांतिकारी पहल है। 3 से 8 आयु वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरुरी भी है क्योंकि ये अवधि बच्चों के मानसिक विकास की दृष्टि से उत्तम समय है, जब वे आसानी से नयी बातों को सिखने में अधिक सक्षम होते है।

इसके अलावा आंगनबाड़ियों को स्कूल परिसर के साथ एकीकृत करने की बात भी कही गई है, जो बच्चों को स्कूल परिसर से न केवल परिचय कराएगी बल्कि पहली कक्षा में जाते समय पहले दिन से ही सहज महसूस कराने का काम करेगी। उन्हें स्कूल अंजान नही लगेगा।

ड्रापआउट की समस्या होगी दूर

वर्ष 2017-18 के भारत में शिक्षा पर घरेलू सामाजिक खपत के प्रमुख संकेतों पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण (एनएसएस) रिपोर्ट की माने तो शिक्षा प्रणाली में लोगों की भागीदारी बढ़ी है। लेकिन यही रिपोर्ट बताती है कि 3 से 35 वर्ष की आयु वाले 13.6 प्रतिशत लोगों ने कभी स्कूल में नामांकन नही करवाया। जो नामांकित भी हुए उनमें प्राइमरी स्कूलों से 10 प्रतिशत लोग ड्रापआउट हो गए। मिडिल के स्तर पर यह आंकड़ा 17.5 प्रतिशत था जबकि 19.8 प्रतिशत ने माध्यमिक स्तर पर ही स्कूल छोड़ दिया था।

देश के सुदूर ग्रामीण अंचल अथवा वनवासी क्षेत्रों

में स्कूलों से ड्रापआउट होने बच्चों की संख्या देखकर किसकी छाती नही फटेगी। ऐसे अनेकों बच्चों को कई वजहों से स्कूल छोड़ते स्वयं अनुभव किया है। बेहद ख़ुशी की बात है कि नई शिक्षा नीति ने ड्राप आउट की समस्या को रेखांकित किया है और इससे निजात पाने का दिशाबोध कराया है।

ड्राप आउट मुक्त स्कूली शिक्षा के लिए नई शिक्षा नीति स्कूलों को संसाधनों से लैस करने की बात करती है। अधिकतर स्कूलों में ड्रापआउट की वजह शिक्षकों की कमी होती है। शिक्षा नीति शिक्षकों के खाली पदों को उन स्थानों पर भरने पर अधिक ध्यान देने को कहा है जहां काफी चुनौतियां है। व्यवहारिक रुप से अभी दुरस्त इलाकों में पोस्टिंग सजा की तरह देखी जाती है। नई नीति ऐसे इलाकों में जाने वाले शिक्षकों के लिए अलग से विशेष सुविधा देने की बात करती है। यही नहीं, ड्राप आउट को खत्म करने के लिए पाठ्यचर्या में बदलाव और उसे अधिक विद्यार्थी केन्द्रित बनाने की बात भी शामिल है।

अल्पकालीन 3 महीने का प्ले आधारित स्कूल तैयारी का मॉड्यूल भी विकसित किया जाएगा ताकि पहली कक्षा में आने वाले बच्चें ड्राप आउट न हो सके। साथ ही उन्हें बुनियादी शिक्षा से जुड़ी जानकारी भी दी जा सकें।

ड्राप आउट की समस्या को दूर करने के लिए नई नीति समाज को भी स्कूल के साथ जोड़ने की वकालत करती है। इसके तहत न केवल नामांकन और ठहराव, बल्कि ड्रापआउट की स्थिति में दुबारा स्कूल से जुड़ने के लिए प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं, काउंसलर की नियुक्ति की जाएगी।

इन कोशिशों के अलावा जो सशरीर स्कूल जाने में सक्षम नही है, उनके लिए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान को भी मजबूत बनाये जाने की बात शामिल है, जिसके तहत अब केवल 10वीं और 12वीं ही नहीं, A, B और C कार्यक्रम, जो क्रमशः कक्षा 3, 5 और 8 केबराबर होंगे,भी उपलब्ध कराएंगे। इससे कोई भी व्यक्ति सामाजिक रूप से भी स्वयं को ड्रापआउट की वजाए किसी न किसी कक्षा पास होने के भाव के साथ समाज जीवन में अपना योगदान देगा, जिसे वर्तमान व्यवस्था उसे कमजोर और अनपढ़ के रुप में पहचानती है।

मातृभाषा बनेगी बच्चों की ताकत

यूनेस्को ने 2010 में एटलस प्रकाशित किया था जिसमें भारत के 197 स्थानीय भाषाओं को सूचीबद्ध किया था। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन आनेवाले भारतीय भाषा संस्थान ने भी 2013 में देश के अलग - अलग राज्यों के उन 117 भाषाओं की पहचान की जिनका अस्तित्व या तो खतरे में है अथवा निकट भविष्य में समाप्ति के कगार पर है. इसलिए बेहद जरुरी हो जाता है कि देश स्थानीय भाषा को भावी पीढ़ी को सौंपे।

इस दृष्टि से स्कूली शिक्षा में स्थानीय भाषा को प्राथमिकता,विशेषकर संविधान की सूचि में शामिल भारतीय भाषाओं से बालमन को जोड़ने का प्रयास नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को बेहद ख़ास बनाते है। भाषाई विवाद को पीछे छोड़ते हुए नई नीति किसी एक भाषा पर जोर देने की वजाए देश में त्रि-भाषा सूत्र लागू करने और कम से कम 2 भारतीय भाषाओं को पढ़ाये जाने की बात करती है। नई शिक्षा नीति के अनुसार कम से कम 8वीं तक स्थानीय भाषा अथवा मातृभाषा में बच्चों को पढ़ाये जाएंगे। यह एक बेहद जरुरी कदम है।

भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से और देश की अन्यत्र भाषाओं के अध्ययन के विकल्प से राष्ट्रीय भावना का विकास होगा, अधिक भाषाओं के जानकार राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत बनेंगे।

वोकेशनल शिक्षा से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

नई नीति में कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए 10 दिवसीय बस्ता मुक्त समय की बात कही गयी है, ताकि वे स्थानीय परिवेश की गतिविधियों यथा बागवानी, बिजली के कार्य, बर्तन बनाने आदि से जुड़ी बातों को समझ पाए, उसका अनुभव ले पाए। वोकेशनल शिक्षा पर जोर देते हुए विशेषज्ञ शिक्षक की बहाली की बात कही गई है। वोकेशनल शिक्षा पर बढ़ावा देने से स्वरोजगार और स्वाबलंबी भारत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। स्थानीय परिवेश से जोड़कर देने जाने वाली शिक्षा श्रम के महत्व को समझाएगी, वहां की चुनौतियों के समाधान की तरफ ध्यान ले जायेगी, स्थानीय जरुरतों को पूरा करेगा। ■

Understanding the NATIONAL EDUCATION POLICY (NEP)

| Ramanand |

Much discussed and much-hyped National Education Policy (NEP) got cabinet nod yesterday. The current NEP has come after 34 years after a lot of laborious churning. The first committee on NEP was set up in 2015, followed by the second committee in 2017. The chairman of last NEP committee submitted its report on 30th May 2019, and after more than one year of its submission the report has come out in the form of the NEP policy.

The policy has gone through extensive discussion and deliberation overseen by three Human Resource Department (HRD) ministers. It was initiated by Smriti Irani who ran a comprehensive campaign for it and did set the vision for the NEP under her tenure. She did consult all three tiers of Panchayati raj systems viz village panchayat, block panchayat and district panchayat along with people at the state level. During her tenure, the Subramanian Committee submitted its report in April 2016 which soon ran into various controversies. The report thus kept gathering dust at the HRD ministry. When her successor minister Prakash Javadekar assumed charge, a new committee was set-up which again held many consultations with various stakeholders.

What is NEP

NEP, which is now known as the National Education Policy, is a guiding document for both the state and centre. The NEP helps educators and policymakers to shape their views. The first NEP like document came in 1966 under the chairmanship of Prof. D S Kothari. It was a very well-thought document and continues to be a guiding force for various educational initiatives despite not being able to get fully implemented. The second policy for education came in 1986 after 20 years. The plan of action for this policy came into light in 1992 after a long gap of six years. After that, this new NEP is coming after the 34 years, and it also shows the priorities of the government and their concern about education and educational causes.

Key issues of NEP

After the 1966 policy, the new NEP also suggests structural changes right from school education to higher education and regulatory bodies. In school education, it has changed the school education pattern, which was earlier based on 10+2. Now it will be 5+3+3+4 model. It has been said that this system is based on the cognitive stage of the Child and considered more rational. In higher education, it has suggested various changes like multiple exits and entry at degree level

in the university system. In this system, now students can come out certificate/diploma and degree after the 1/2/3 years. Abolition of MPhil, direct PhD after the four years bachelor degree are some of the revolutionary steps.

It has transformed the working of regulatory bodies. Instead of multiple regulatory bodies, only four bodies will now be working to deal with different aspects of education. Existing regulatory bodies like NCTE, ICAR etc. will act as professional standard-setting bodies.

One of the major highlights of the NEP is that it stresses on education in the mother tongue, which is a very significant change. Almost all leading educationists and child psychologists agree that mother-tongue helps in the cognitive development of children. It is a very positive change in a multi-linguistic country like India, where most of the children are forced to study in a language at primary level, which is not their mother tongue.

NEP has touched the untouched part of the education

NEP has proposed that either stand-alone institutions should be transformed themselves in multidisciplinary mode or they have close themselves. This is bold statements. The NEP has given complete freedom to state in many fields. Because education is in the concurrent list, that's why it was always bone of contention with state and centre over the jurisdiction.

National Education Policy has tried to see the education system holistically. It has tried to understand education as a continuous process that why it has put more emphasis connect education to the environment. The NEP has recognized the importance of life skills in the life of human beings, and it has given more attention to developing life skills in the educational process.

NEP has identified the social and gender gap in the education system. NEP has stated that there is a clear gap in the representation of the various social group in the education system. It has highlighted the need to reduce it with all kind of interventions. NEP also identified gender gap in the education system and suggested the mechanism to address it.

NEP is trying to address the quality teaching by improving teaching training institution and by employing more teachers in the education system. The teacher is an essential part of the education system without improving teachers training; we can not improve the quality of education.

National Education Policy has tried to all unaddressed grievances of the education system, which has been not addressed for the decades. This is a historic moment for the all stakeholder of the education system, whether it is teacher, students or parents. The National Education Policy has tried to address everyone's concern in go. It is interesting to see how the state will respond who has major responsibly implement

The Challenge Ahead

The most challenging part of the NEP to implement it in spirit. The finance constraint and state and Center relations will be the biggest hurdles in it.

We all are aware that education is not the only service, but it is also a tool of politics for many regional and political groups. They will not allow implementing some of the recommendations of the NEP as it will undermine their authority. It is a big task for the centre to make state agree with some of its recommendations like closing down stand-alone institutions etc.

The infrastructure issue will be 2nd big challenge for the government as there are not adequate resources for the education field as it is considered a less lucrative filed by industrialists. To provide education, this vast population is not a very easy task, and They need large fund for this. ■

अभाविप की ऑनलाइन केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक इंदौर में संपन्न

कोरोना रूपी वैश्विक महामारी ने पूरी दुनिया को अपने कार्यशैली पर पुनर्विचार करने के लिए विवश कर दिया। कोरोना के कहर के कारण जहां एक ओर लोगों का जनजीवन त्रस्त है वहीं दूसरी ओर संस्थाओं, संगठनों एवं अन्य संस्थानों की कार्यशैली में भी बदलाव ला दिया, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण हाल में संपन्न अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक है। विद्यार्थी परिषद के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक का आयोजन ऑनलाइन करना पड़ा है।

इंदौर में आयोजित कार्यसमिति बैठक का अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. सुबैय्या ने चेन्नई से ऑनलाइन उदघाटन किया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी एक भीषण आपदा है, किन्तु इससे हमें सबक भी सीखने हैं। हमें भविष्य में ऐसी बीमारियों से बचने के लिए भारतीयता के मूल्यों स्वच्छता, उचित आहार, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्राचीन काल से किये जा रहे आयुर्वेदिक औषधियों के सेवन इत्यादि को अपनाने की आवश्यकता है। इस कठिन घड़ी में देश के नागरिकों, सरकार एवं अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कोरोना योद्धा बनकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक उत्कृष्ट कार्य किया। मुम्बई, पुणे तथा इंदौर में अभाविप कार्यकर्ताओं के द्वारा रेड ज़ोन में की गई स्क्रीनिंग की सराहना सर्वत्र हुई। कोरोना ने यह भी दिखाया कि हमारी शिक्षा पद्धति में इस प्रकार की चुनौतियों से लड़ने के लिए आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, जो समग्र शिक्षा पर जोर देती है, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वर्ष 2019-20 की सदस्यता ने पिछले सभी रिकार्ड तोड 33 लाख का आंकड़ा किया पार

वर्ष 2019 – 20 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने सभी पुराने आंकड़ो को ध्वस्त कर रिकार्ड 33

लाख से अधिक सदस्यता के आंकड़ों को पार किया। केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में बैठक में सम सामयिक मुद्दों जिनमें कोरोना महामारी के कारण छात्र-जीवन में बदलाव, कोरोना से लड़ने में अभाविप का योगदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं अंतिम वर्ष के छात्रों तथा नीट-जेईई इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं पर चर्चा हुई। अभाविप ने पूर्व के सभी मानको को तोड़ते हुए वर्ष 2019-20 में 33,39,682 सदयस्ता की। यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। जिसका उल्लेख करते हुए अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए ऑनलाइन (abvp.org/join) माध्यम से होने वाली सदस्यता हेतु पोस्टर का अनावरण करते हुए सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

कोरोना तालाबंदी के समय विद्यार्थी परिषद के 59939 कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य में भागीदारी की जिसमें 3010951 भोजन पैकेट, 3,17,553 राशन किट, 5,83,689 मास्क वितरण किये गये साथ ही 5,612 यूनिट रक्तदान और 2,86,43,913 की धनराशि पी.एम. केयर फंड में ज़मा किये। (20 मई तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार)

कोरोना महामारी से लड़ने में अभाविप का योगदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा परीक्षाओं पर हुई चर्चा

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कोरोना काल में भी छात्रहितों को ध्यान में रखते हुए मा. प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा तथा प्रान्तशः हेल्पलाइन नम्बर जारी कर आज भी हजारों छात्रों की सहायता कर रही है। अभाविप ने नीट-जेईई की परीक्षा देने में छात्रों के समक्ष आवागमन एवं परीक्षा स्थल के आसपास ठहरने की समस्याओं को ध्यान में रख कर पूरे देश में हेल्पलाइन नंबर जारी किए तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एवं देश भर के अन्य विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों के लिए भी अभाविप ने हेल्पलाइन नंबर जारी की है। कोरोना काल में विद्यालय बंद हैं अतः छात्रों शैक्षणिक हानि ना हो इस हेतु अभाविप देशभर में परिषद की पाठशाला नामक अभियान के द्वारा बस्ती तथा गावों के छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। ■ ■

Strict action against the proprietors of fake universities required : ABVP

7 out of 24 fake universities declared by the University Grants Commission (UGC) are located in Delhi. Fraudulent practices like these in the field of education can cause irreparable harm to the students and remain a major object of concern. Delhi, being a major educational hub, attracts students as well as competitive exam aspirants from all corners of the country. Continued vigilance from the authorities as well as individuals is required to prevent a repeat of similar events and safeguard the interests of students in the times to come.

Sidharth Yadav, State Secretary, ABVP Delhi, said, "A total of seven fake universities have been discovered in Delhi. Frauds of this nature and scale in the national capital continue to remain a major cause of concern. The students enrolled in these fake universities have been left in the lurch. The situation warrants strictest possible action against the management and proprietors of such fake universities. Alternatives must be explored to help the affected students continue their studies without any unreasonable delay. It is incumbent upon the government to remain vigilant and take swift action against those willing to play fast and loose with the careers of unsuspecting students." ■

THE PROPOSAL TO HOLD A JOINT ENTRANCE EXAM FOR CENTRAL UNIVERSITIES IS A WELCOME MOVE: ABVP

Akhil Bhartiya Vidyarthi Parishad welcomes the proposal to hold a Joint Entrance Exam for admission to undergraduate courses in Central Universities from the session 2021-22. The proposal to hold a Joint Entrance Exam is in the interest of students. The proposal to hold a common Joint Entrance Exam for students seeking admission to undergraduate courses, similar to the IIT JEE and NEET will provide economic, mental, physical relief for students and reduce the consumption of time, making the process hassle free.

Nidhi Tripathi, National General Secretary, ABVP, said, "The proposal to hold a joint entrance exam for admission to central universities will make admissions to subjects like science, commerce and humanities much simpler. It will felicitate the creation of a knowledge based educational environment, reduction of financial stress of the guardians, and will bring about an end to the race to just secure maximum marks and pave way for the students to study subjects of their choice." ■

अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को सौंपा ज्ञापन, कृषि शोध से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग

सात अक्टूबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली, एग्रीविजन और आईएआरआई (भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान) के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी से मुलाकात की। इन्होंने कोविड-19 की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए चौथे वर्ष के शोध छात्रों हेतु फेलोशिप की समय-सीमा में विस्तार की मांग को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

